दैनिक भास्कर

# गिरिडीह:दो गाड़ियों से 16 पेटी नकली शराब बरामद, बिहार भेजने की तैयारी थी; चार युवक गिरफ्तार

**गिरिडीह**



आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि नकली शराब की खेप राहुल कुमार पांडे उपलब्ध कराता था, जिसे वे सभी मिलकर ओमनी से स्कॉर्ट करते हुए बोलेरो से बिहार भेजते थे।

- ओमनी और बोलेरो में नकली अंग्रेजी शराब की 16 पेटी में 384 बोतल लोड किया गया था
- पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बोलेरो सवार एक व्यक्ति भागने में कामयाब रहा

खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के घोड्थम्भा पुलिस ने शुक्रवार की देर रात दो वाहनों में लदे नकली अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की। 16 पेटी में 384 बोतल शराब थी। इस कारोबार से जुड़े चार युवकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मारुती ओमनी और बोलेरो से इन शराब की पेटियों को बिहार भेजने की तैयारी थी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली शराब बिहार भेजने की तैयारी में हैं। इस पर पुलिस ने डोरंड-बलहारा के बीच खटहाआम के पास वाहनों की जांच शुरू की। जांच के क्रम में एक मारुति ओमनी वहां पहुंची, जिसकी जांच में 2 पेटी शराब बरामद की गई। वाहन में सवार लोगों ने पूछताछ में अपना नाम उपेंद्र कुमार सोनी, गुड्डू कुमार पांडे बताया।

इसी बीच एक बोलेरो भी वहां पहुंची, जिसे रोकने पर उस पर सवार तीन व्यक्ति उतरकर भागने लगे। दो लोगों को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया जबकि एक भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति का नाम राजकुमार साह और लालू साह है। बोलेरो की जांच करने पर उसमें रखे 14 पेटी 375एमएल की 336 बोतल अवैध शराब बरामद की गई।

आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि नकली शराब की खेप राहुल कुमार पांडे उपलब्ध कराता था, जिसे वे सभी मिलकर ओमनी से स्कॉर्ट करते हुए बोलेरो से बिहार भेजते थे। अभी इन्हें इस शराब की खेप को कोडरमा के नवलशाही में एक व्यक्ति को देना था। आरोपियों को उसका नाम नहीं पता है। वो व्यक्ति शराब को अपने किसी आदमी से बिहार भिजवाता। पर रास्ते में ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

Source: https://www.bhaskar.com/local/jharkhand/news/giridih-16-cases-of-spurious-liquor-recovered-from-two-trains-preparations-to-be-sent-to-bihar-four-youth-arrested-127779502.html